## एक नजर में

### बाल संप्रेषण गृह में मनाया गया विश्व मानवता दिवस

**रतलाम।** आनंद विभाग रतलाम मंगलवार को विश्व मानवता दिवस बाल संप्रेषण गृह में आयोजित किया गया। जिला समन्वयक सीमा अग्निहोत्री ने बताया कि एक मानवीय समाज के रूप में हम सबकी जिम्मेदारी है कि अपने आस-पास के लोगों की संकट में मदद करें और उन्हें सम्मानजनक जीवन की परिस्थिति में रहने के अधिकार को बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाए। आनंदक विनीता ओझा द्वारा महर्षि अरविंद, महात्मा गांधी के जीवन की कहानियों के माध्यम से उनको सही राह पर चलने की प्रेरणा दी गई। सीमा अग्निहोत्री द्वारा शांत समय में माता-पिता का वर्तमान चेहरा जब वे यहां है और जब वे जिम्मेदार नागरिक बनेंगे तब का चेहरा देखने को कहा गया। उनके अशरुओं ने बताया कि वे अपनी गलतियों का प्रायश्चित करना चाहते हैं। मास्टर ट्रेनर पुष्पेंद्र सिंह सिसौदिया ने बालकों से उनकी मां के नाम पूछकर, मां की ममता को महसूस करने के लिए आग्रह किया। बालकों ने बताया कि बाहर जाने के पश्चात परिवार को सम्मानजनक स्थिति में लाने के लिए वे मेहनत करेंगे। बालकों ने ड्राइवर ,खेती बाड़ी , कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, फास्ट फूड की शॉप, बिजनेस ,स्वयं का रेडीमेड कपड़ों की शॉप और मिठाई की दुकान के माध्यम से अच्छा व्यक्ति बनने की इच्छा जाहिर की। जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने नशे के दुष्परिणाम को एक सच्ची घटना के द्वारा बताया,और नशा मुक्ति हेतु संकल्प दिलाया।बालकों की रचनात्मकता हेतु पेंट कलर ब्रश दिए गए जिससे वे परिसर के अंदर की दीवारों, गमले और गणेश जी को अपनी क्रियात्मकता से रंग सके। आनंदम सहयोगी सुरेंद्र अग्निहोत्री और संजय ओझा के सहयोग से आनंदकों ने बालकों की मां के नाम पर बाल संप्रेषण गृह के बाहरी परिसर में नगर निगम रतलाम द्वारा उपलब्ध कराए गए 11 पेड़ का पौधारोपण किया।

### जैन विद्या परीक्षा में मिनाली प्रखर कोठारी को दसवां स्थान

**रतलाम।** शहर की श्रीमती मिनाली प्रखर कोठारी ने जैन विद्या में आयोजित जेनोयलॉजी त्रिवर्षीय परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर दसवां स्थान प्राप्त कर रतलाम व कोठारी परिवार का नाम गौरवान्वित किया है।यह परीक्षा आदिनाथ जैन ट्रस्ट, चूले, चेन्नई द्वारा आयोजित की गई थी। परीक्षा में देशभर से लगभग 35,000 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा 300 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे, जिनमें चेन्नई, कोयंबटूर, गुंटुर, इंदौर, बाड़मेर, नागपुर, वर्धमान नगर, कवर्धा, बीजीवीपी पुरम तथा रतलाम प्रमुख रहे। रतलाम निवासी मिनाली ने जैन धर्म का गहन अध्ययन करने के उद्देश्य से इस परीक्षा में भाग लिया और प्रदेश स्तर पर दूसरा तथा राष्ट्रीय स्तर पर दसवां स्थान प्राप्त किया। परीक्षा की जानकारी देते हुए समन्वयक शशि छजलानी ने बताया कि मिनाली की सफलता रतलाम केन्द्र के लिए गौरव की बात है। संस्था को सुदृढ़ बनाने में आदिनाथ जैन ट्रस्ट के प्रमुख डॉ. निर्मल जैन और मोहनलाल जैन का विशेष योगदान रहा। मिनाली ने अपनी सफलता का श्रेय परिवारजन अमित व विमलेश कोठारी के प्रोत्साहन एवं रतलाम केन्द्र की वरिष्ठ समन्वयक सुनीता बोहरा के मार्गदर्शन को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर मालवा संघ अध्यक्ष ठाकुर बसंत सिंह श्रीमाल, श्वेतांबर खरतरगच्छ श्री संघ अध्यक्ष अशोक चोपड़ा तथा कांतिलाल चोपड़ा ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि मिनाली ने समाज का नाम ऊँचा किया है, जो अत्यंत प्रशंसनीय है।

### फसल को कीड़े एवं बीमारियों से बचाने सलाह

**रतलाम।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला रतलाम के सहायक संचालक भीका वास्के द्वारा बताया गया कि वर्तमान में रतलाम जिले में वर्षा होने के कारण खरीफ की प्रमुख फसलें जैसे सोयाबीन, मक्का एवं कपास की फसलें अच्छी स्थिति में लहलहा रही है। सोयाबीन फसल में पुरानी प्रजातियां जैसे जे.एस. 9560, जे.एस. 335 की बुआई की गई है। वहां पर धीरे-धीरे पीला मोजेक की समस्या हो रही है। पीला मोजेक जो सफेद मक्खी द्वारा फैलता है जिसका नियंत्रण करने से यह रोग नहीं फैलता हैं। सफेद मक्खी की रोकथाम के लिए किसान भाई अपने खेत में 7-8 स्थानों पर पीला स्ट्रिकी टेप लगाये। इसके अलावा किसान भाईयों को यह सलाह दी जा रही है कि, बीटा सायफलाथिन + इमिडाक्लोरोप्रिड 500 मिली. या प्रोपेनोफॉस 500 मि.ली. या लेमडासायलोथ्रिन + थायोमेथाक्साम 125 मि.ली./हेक्टेयर छिड़काव करें। मक्का फसल में फॉल आर्मी वार्म कीट का प्रकोप देखा गया है। 1.5 मि.ली. या इमामेक्टिन बेंजोएट 5 प्रतिशत एस.जी. 220 ग्राम/हैक्टर या प्रोक्लेम एक्स्ट्रा 750 मि.ली. हैक्टर (इमामेक्टिन 5 प्रतिशत + लुफिनोरोन 40 प्रतिशत) का प्रयोग करें। किसान भाई दवाई विक्रेताओं से दवाई खरीदते समय पक्का बिल ले तथा दवाई के बोतल पर लिखे गये निर्देशों को प ?कर ही कीटनाशक दवाईयों का उपयोग करें। दवाई छिड़कते समय मुंह पर कपडा या मास्क लगाकर छिडकाव करें।

### राजीव गांधी के जन्मदिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया



**आलोट।** ग्राम रिछा में भी राजीव गांधी के जन्मदिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। गांव के वरिष्ठ जन समाज सेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कालूराम परमार सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में माल्यार्पण किया तथा विचार व्यक्त कर संचार क्रांति के अग्रदूत को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# पीएम आवास के लिए जिला पंचायत गेट पर ग्रामीणों का धरना

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** घटला और भटुनी के ग्रामीण पीएम आवास योजना का लाभ दिए जाने की मांग को लेकर बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय रतलाम के गेट पर प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए।

**घटना और भटुनी के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन,अधिकारी ने पुलिस बुलवाई**

प्रदर्शन में ग्राम पंचायत के सरपंच, जनप्रतिनिधि सहित गांव की महिलाएं शामिल थी।

ग्राम पंचायत के सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों सहित गांव की महिलाएं बुधवार को जिला पंचायत पहुंचकर धरने पर बैठी। ग्रामीणों की मांग है कि जब तक उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने का लिखित आश्वासन नहीं मिलता है तब तक वह धरने से नहीं हटेंगे।




वहीं समस्या का समाधान करने की बजाय जिला पंचायत रतलाम के एडिशनल सीईओ निर्देशक शर्मा ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज करवाने की धमकी दे डाली।

करीब डेढ़ घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद सीईओ श्रृंगार श्रीवास्तव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने में आ रही तकनीकी त्रुटि को सुधारने एवं सभी पात्र लोगों का नाम जोड़े जाने का आश्वासन दिया,इसके बाद ग्रामीण धरना समाप्त करने को राजी हुए।

**वंचित रहे लोगों को मिलेगा योजना का लाभ**

इस मामले में एडिशनल सीईओ निर्देशक शर्मा का कहना है कि तकनीकी त्रुटि की वजह से घटला और भटूनी सहित तीन गांव के हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। लेकिन अब शासन के आदेशानुसार जो लोग योजना से वंचित रह गए हैं, उनके नाम जोड़े जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत 274 लोगों का नाम जोड़ा गया है, हालांकि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ कब तक इन हितग्राहियों को मिल सकेगा।

## कभी धूप-कभी छांव, दोपहर बाद तेज बारिश

**रतलाम।** शहर सहित जिले में बुधवार को बारिश फिर शुरू हो गई। इस बार शुरूआत तेज बारिश से हुई हैं। सुबह से आसमान में बादल छाए हुए थे और धूप भी निकल रही थी, लेकर दोपहर बाद तेज बारिश का दौर शुरू हुआ, जो रात में भी जारी रहा।



मौसम विभाग ने बुधवार को रतलाम में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया था। सुबह से लेकर दोपहर तक मौसम बदलता रहा। कभी धूप निकली तो बादल भी छाए रहे। इस दौरान रूक-रूक कर रिमझिम भी हुई। लेकिन दोपहर बाद तेजश बारिश का दौर शुरू हुआ। पूरा शहर इस तेज बारिश से जलमग्न हो गया। तेज बारिश से मौसम में ठंडक घुल गई हैं। बारिश से किसानों के चेहरों पर भी चमक नजर आ रही हैं। कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में रतलाम जिले में औसत 21.88 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है। इसमें आलोट में 24 मि.मी., जावरा में 27 मि.मी., ताल में 35 मि.मी., पिपलोदा में 23 मि.मी, बाजना में 3 मि.मी, रतलाम में 19 मि.मी., रावटी में 20 मि.मी और सैलाना में 24 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है। 01 जून से लेकर बुधवार सुबह तक रतलाम जिले में औसत वर्षा 691.63 मि.मी दर्ज की जा चुकी है।

**निकली बस्तियों में पानी**

दोपहर बाद शुरू हुई तेज बारिश रात में भी जारी रही। बारिश से निचली बस्तियों में पानी भरा गया। वहीं दो बत्ती सहित न्यू रोड पर बारिश से तालाब जैसा नजारा नजर आया। कई क्षेत्रों में आमजन सीवरेज की समस्या से भी परेशान होते रहे, वहीं कुछ क्षेत्रों में सीमेंट की सड़के उंची होने से घरों में पानी भरा गया।

**फसलों को होगा फायदा**

मानसून सत्र की सबसे तेज बारिश बागली क्षेत्र में बुधवार को हुई दोपहर 3 बजे से आरंभ हुई। यह बारिश देर रात तक चलती रही। बारिश के कारण आसपास के नदी नालों में पर्याप्त पानी आ गया। तेज बारिश से जहां निचली बस्तियों में भी पानी भर गया वहीं फसलों को लाभ होने की संभाना हैं। जानकारों के अनुसार इस वर्ष की सबसे तेज बारिश बुधवार को हुई है। जिसके चलते क्षेत्र में लगी सोयाबीन फसल को भी कही पर फायदा और जल जमाव स्थिति में कहीं नुकसान भी होगा।

## आदि कर्मयोगी अभियान के लिए मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण प्रारंभ

रतलाम। जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बुधवार से से 22 अगस्त 2025 तक विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रदान किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जनजातीय वर्ग की योजनाओ की मूल अवधारणाओं, कार्यप्रणाली तथा क्रियान्वयन संबंधी जानकारियों का विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण देना है।

अभियान का शुभारंभ कलेक्टर राजेश बाथम एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग रंजना सिंह द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में कलेक्टर बाथम ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान के माध्यम से विभन्न विभाग के जिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों की क्षमता संवर्धन पर बल दिया जा रहा है, जिससे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य शासन की लोक-सेवा वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी एवं प्रभावशाली बनाना है तथा यह प्रशिक्षण उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## एसपी ने की अपराधों की समीक्षा,त्योहार पर विशेष सतर्कता रखने के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** नवीन पुलिस कंट्रोल रूम पर एसपी अमित कुमार ने बुधवार को अपराधों की समीक्षा की। साथ ही कानून व्यवस्था एवं अपराधों की। समीक्षा के साथ आगामी त्योहार के शांति पूर्वक सम्पन्न करवाने के संबंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों से आगामी त्योहारों गणेशोत्सव, ईद मिलाद उन नबी, अनंत चतुर्दशी आदि के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश प्रदान किए। एसपी सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करने। अवैध गतिविधियों शराब, जुआ सट्टा, मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ और सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही धोखाधड़ी के गंभीर अपराधों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए।बैठक में छोटी से छोटी सूचना को गंभीरता से लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी सूचना पर पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम त्वरित होना चाहिए। स्थाई वारण्टी-गिरफ़्तारी वारंटियों की भी धरपकड़, थाना क्षेत्र के होटल, ढाबों एवं रेस्टोरेंट्स व थाना क्षेत्र के बस स्टैंड रेलवे स्टेशन की नियमित चेकिंग के निर्देश दिए। एसपी ने चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि गश्त एवं प्रभात गश्त में विशेष सतर्कता बरतेगे। थाने पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का कैंप लगाकर शीघ्रता से संतुष्टिपूर्वक निराकरण करेंगे। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत आयोजकों की बैठक ले। आयोजनों के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बैरिकेटिंग करें, संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी लगवाए तथा प्रमुख आयोजन, जुलूस की वीडियोग्राफी एवं ड्रोन कैमरा से निगरानी करे। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा, नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया, नगर पुलिस अधीक्षक जावरा युवराजसिंह चौहान, एसडीओपी किशोर पाटनवाला, एसडीओपी सैलाना नीलम बघेल, एसडीओपी आलोट पल्लवी गौर, एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय, डीएसपी यातायात आनंद स्वरूप सोनी, डीएसपी महिला सेल अजय सारवान सहित जिले के अधिकारी, टीआई उपस्थित रहे।

## रंजिश को लेकर विवाद, तीन पर प्रकरण दर्ज

**रतलाम।** रंजिश को लेकर हुए विवाद में एक व्यति के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार पिपलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम छोटीनाल निवासी उत्तम पिता लालजी निनामा का वहीं के निवासी सुखराम पिता वसु निनामा से विवाद चला आ रहा है। विवाद के चलते सुखराम ने दिलीप पिता कचरु निनामा, कांतिलाल पिता प्रभु निनामा के साथ मिलकर उत्तम के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।



## बिना नंबर की स्कोडा कार फोड़ रही थी पटाखे, पुलिस ने पकड़ा...प्रकरण दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** रात्रि गश्त के दौरान एक सफेद रंग की स्कोडा कार को पीछा कर रोका गया। कार तेज गति से लहराते हुए चल रही थी तथा साइलेंसर से अत्यधिक शोर (फटाकों जैसी आवाज) उत्पन्न हो रहा था। थाना स्टेशन रोड प्रभारी स्वराज डाबी इसे गश्त के दौरान पकड़ा। वाहन चालक की पहचान अरबाज पिता आसिफ सैयद(29) निवासी बोरीवली ईस्ट, मुंबई के रूप में हुई। कार चालक द्वारा आम सड़क पर अत्यधिक खतरनाक एवं उतावलेपन से वाहन चलाकर अन्य वाहन चालकों एवं राहगीरों को गंभीर दुर्घटना का खतरा उत्पन्न किया गया। उक्त कृत्य पर थाना स्टेशन रोड रतलाम पर आरोपी चालक अरबाज के विरुद्ध निम्न प्रावधानों के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने बिना नंबर की स्कोडा कार को जप्त किया। रतलाम पुलिस आमजन से अपील करती है कि सार्वजनिक मार्गों पर यातायात नियमों का पालन करें एवं वाहन संचालन के दौरान लापरवाही या खतरनाक ढंग से वाहन न चलाएँ। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में जिले की टीम सम्मानित

**रतलाम।** भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में राज्य स्तरीय "संपूर्णता अभियान" समारोह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

**सीईओ जिपं ने मुख्यमंत्री से मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया**

राज्य स्तरीय "संपूर्णता अभियान" सम्मान समारोह में कलेक्टर सहित रतलाम जिले की पूरी टीम को सिल्वर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतिनिधि के रूप में सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव एवं टीम ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया।



समारोह में टीम से सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव, जिला योजना अधिकारी बाल कृष्ण पाटीदार, सीईओ जनपद पंचायत बाजना मनीष भंवर, बीएमओ बाजना डॉ हिमांशु राव एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास बाजना अंकिता पंड्या को भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले के बाजना विकासखंड में आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम योजना अंतर्गत संपूर्णता अभियान का संचालन 4 जुलाई 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक किया गया। इस अभियान में नीति आयोग द्वारा निर्धारित कुल 6 प्रमुख संकेतकों पर सघन रूप से कार्य किया जा कर 5 संकेतक में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाकर सेचुरेशन की स्थिति प्राप्त की गई। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत तीन संकेतकों पर कार्य किया गया। पहली तिमाही के भीतर (एएनसी) हेतु पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, लक्षित जनसंख्या (30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) की तुलना में मधुमेह की जांच करवाने वाले व्यक्तियों का प्रतिशत, लक्षित जनसंख्या (30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) की तुलना में उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) की जांच करवाने वाले व्यक्तियों का प्रतिशत पर कार्य किया गया।

# पर्यूषण पर्व के आठ दिन आराधना कर सकते हैं कल्याण

**भगवंत डॉ. अमृतरसा श्रीजी ने पर्युषण पर्व के प्रथम दिन धर्मसभा को किया संबोधित-**

**जावरा। पूरे वर्ष भर हम कर्मो का बंधन ही करते है लेकिन चार माह का चातुर्मास हमारे जीवन में उन कर्मो की निर्जरा करने का मौका हमे देता है। उसमें भी पर्यूषण पर्व के ये आठ दिन सर्वश्रेष्ठ है। जिसमें हम तप आराधना कर अपनी आत्मा का कल्याण कर सकते है, जैसे नदियों में गंगा, मंत्रों में नमस्कार महामंत्र, वृक्षों में कल्प वृक्ष है। वैसे ही सब पर्वो का राजा पर्यूषण महापर्व है। इस दौरान हम धर्म आराधना, तप तपस्या, पौषध, प्रतिक्रमण और जिनवाणी का श्रवण कर अपने आने वाले भवो को सुधार सकते है। बुधवार को पर्वाधीराजपर्यूषण हमारे आंगन में पधारे है।**



जो प्रथम दिवस है हमे इनका स्वागत बहुत ही अहोभाव से धर्म आराधना, तप तपस्या करके करना है। ये उद्‌गार साध्वी भगवंत डॉ. अमृतरसा श्रीजी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा की पर्व दो प्रकार के होते है लौकिक और लोकोत्तर, लौकिक पर्व वे होते है, जो जेन धर्म के अलावा जैनेतर धर्म में होते है, लौकिक पर्व में खाना पीना घूमना सब होता है लेकिन लोकोत्तर पर्व में तप, तपस्या, आराधना उपवास ही होता है। लौकिक पर्व में देह की पुष्टि होती है जबकि लोकोत्तर पर्व में आत्मा की पुष्टि होती है। पर्यूषण पर्व के दौरान सामूहिक आराधना होती है, जिससे सामूहिक पुण्यार्जन होता है। हमने शास्त्रों में भी पड़ा है कि सिद्धाचल महातीर्थ से करोड़ों आत्माएं मोक्ष में गई है। यह सब सामूहिक पुण्यार्जन के कारण ही हुआ है इसलिए इन आठ दिनों में हम सभी को सामूहिक धर्म आराधना कर मोक्ष मार्ग की और कदम बढ़ाना है।

**कर्मो की निर्जरा करने कर रहे धर्म आराधना-**

मीडिया प्रभारी अरविंद जैन एवं अतुल सुराणा ने बताया की सिद्धितप एवं मासक्षमण तप की तपस्या सुख साता पूर्वक चल रही है। श्रीसंघ के सभी श्रावक श्राविकाएं साध्वीजी भगवंत की निश्रा मे अपने कर्मो की निर्जरा करने के लिए धर्म आराधना में लगे हुए है। ऐसा लग रहा है जैसे पूरा नगर धर्ममय हो गया है। श्रीसंघ के वरिष्ठ सुश्रावक राधेश्याम सुराणा और प्रवीण कोलन ने बताया कि यह चातुर्मास निसंदेह ऐतिहासिक चातुर्मास है। श्रीसंघ के लिए पुण्य का उदय आया है और श्रीसंघ का अहोभाग्य है जो हमे ऐसे गुणवान और विनयवान साध्वीजी भगवंत का सानिध्य मिला है। इनकी अमृतुल्य वाणी को आत्मसात कर हम अपने जीवन का कल्याण कर सकते है।

# धन तो साधन और सुरक्षा देता है लेकिन शांति नहीं : साध्वीश्री

**पर्युषण पर्व जाग्रती का पैगाम लेकर आया, बाकि सभी**

**पर्व मौज शौक मनाने के-**

**जावरा।** तपस्विनी विदुषी पूज्य महासती सरिताश्री मसा, मधुर व्याख्यानी प्रियंकाश्रीजी मसा के सानिध्य में दिवाकर भवन पर पर्युषण महापर्व के प्रथम दिवस पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए साध्वीश्री ने कहा कि पर्युषण पर्व जाग्रती का पैगाम लेकर आया है बाकि सभी

पर्व मौज शौक मनाने के है लेकिन यह पर्व हमें मोहनिय नींद से जगाने आया है। आज का मानव धन और साधनों में सुख को ढुंढ रहा है लेकिन मानसिक शांति का अभाव है। जीवन में शांति के लिए उँचा पद धन वैभव की आवश्यकता नहीं होती, धन तो साधन और सुरक्षा देता है लेकिन शांति नहीं। यह पर्व पर्युषण हमें



आत्म निरीक्षण का मोका देता है। जो धर्म धारण करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। धर्म उस अमृत गंगा के सामान है जो सभी पापो को धो देता है। धर्म आचरण में आ जाने पर मानव के जीवन में विनय भाव आ जाता है। धन आने के बाद सुख आये या नहीं आये यह निश्चित नहीं है लेकिन धर्म आ गया तो सुख अवश्य आएगा। चिंतन मनन करे एक के बिना सभी शुन्य है। हम सुख संसार के भौतिक साधनों में ढूंढ रहे है। धन की दौड में भाग रहे है, धर्म को मंदिर-मस्जिद में ढूंढ रहे है। वह हमारी आत्म के अन्दर ही मिलेगा जीवन में सब कुछ पा लिया किन्तु धर्म आचरण में नहीं आया तो सभी शुन्य है। धर्म हमें दुर्गति से निकाल कर सद्गति में पहुचाता है क्यों की ज्ञानीयो ने कहा है खाया पिया अंग लगेगा दान दिया संग चलेगा, बाकि सब जंग लगेगा इसलिए यदि हम साधन संपन्न है तो किसी जरुरत मंद की मदद अवश्य करे दान देने वाले का मृत्युलोक ही नहीं वरन स्वर्ग में बहुमान होता है। जो व्यक्ती होने पर भी दान नहीं देता वह नादान है। उक्त जानकारी देते हुए श्रीसंघ अध्यक्ष समाज भुषण इंदरमल टुकडियां एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीमाल ने बताया कि पर्युषण महापर्व पर अष्टदिवस ही महामंत्र नवकार के जाप प्रात 6 बजे से प्रारंभ हो चुके है। बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाओं ने त्याग तपस्या द्वारा पर्युषण पर्व में उत्सव पूर्वक भाग लिया। प्रवचन की प्रभावना का लाभ समाजरत्न बसंतीलाल धनसुख अनुकूल अनुष चोरड़िया परिवार ने प्राप्त किया।